दिन– शुक्रवार दिनांक– 13/12/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. बीपीएससी द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुये अभ्यर्थियों ने पटना में जमकर प्रदर्शन किया।

02. आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई का दावा– कहीं से भी पेपर लीक की कोई खबर नहीं। कहा– सुचारू रूप से सम्पन्न हुई है परीक्षा।

03. लोकसभा में भारत के संविधान के पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर दो दिवसीय विशेष चर्चा शुरू। कल भी जारी रहेगी चर्चा।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में हो रही है लगातार बढ़ोतरी। खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई जिले में शीतलहर की स्थिति।

————————————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुये अभ्यर्थियों ने आज पटना में जमकर प्रदर्शन किया। हमारे संवाददाता ने बताया कि कुम्हरार स्थित बापू परीक्षा परिसर में परीक्षा समाप्त होने से पहले ही छात्र परीक्षा भवन से निकलकर हंगामा करने लगे। छात्रों का आरोप है कि उन्हें प्रश्न पत्र निर्धारित समय से आधे घंटे देरी से दिया गया। कुछ छात्रों ने प्रश्न पत्र नहीं मिलने का भी आरोप लगाया। प्रदर्शनकारी छात्रों का कहना था कि परीक्षा शुरू होने के साथ ही प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। छात्र परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे थे।

———वॉक्सपॉप———

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह और वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने कुम्हरार पहुंचकर प्रदर्शनकारी छात्रों को शांत कराया। इस बीच, बिहार लोक सेवा आयोग ने पेपर लीक की खबरों को खारिज कर दिया है। आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई ने कहा कि परीक्षा राज्य के नौ सौ ग्यारह केन्द्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि सिर्फ एक केन्द्र पटना के बापू परीक्षा परिसर में कुछ अभ्यर्थियों ने परीक्षा शुरू होने के बाद हंगामा किया, जबकि उसी केन्द्र पर गम्भीर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

———बाईट———

अध्यक्ष ने उन आरोपों को भी खारिज जिसमें कुछ परीक्षार्थियों ने कहा था कि उन्हें परीक्षा के दौरान प्रश्न पत्र नहीं मिला। उन्होंने कहा कि बापू परीक्षा परिसर के केन्द्राध्यक्ष से पूरी रिपोर्ट मांगी गयी है। रिपोर्ट आने पर ही आगे कार्रवाई की जायेगी।

———बाईट———

गौरतलब है कि यह परीक्षा राज्यभर के छत्तीस जिलों के नौ सौ बारह केन्द्रों पर आयोजित की गयी थी।

———————————————————————————————————

लोकसभा में आज भारतीय संविधान के पचहत्तर वर्षों की शानदार यात्रा पर विशेष चर्चा शुरू हुई। चर्चा कल भी जारी रहेगी। चर्चा शुरू करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान ने सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक जीवन के सभी पहलुओं को छूते हुए राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि संविधान देश के सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति है।

———बाईट———

संविधान को अंगीकार करने के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में इस सदन और समस्त देशवासियों को हार्दिक बधाई देता हूं। अध्यक्ष महोदय, साथ ही भारत की आजादी और भारत के संविधान के निर्माण से जुड़े सभी महानुभावों के प्रति कृतज्ञता भी व्यक्त करता हूं और उन सभी को शीश झुकाकर नमन करता हूं।

विपक्षी दल कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष रूप से आक्षेप करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में सविधान को विशेष पार्टी के योगदान के रूप में प्रस्तुत करने के प्रयास किये गए हैं। उन्होंने कहा कि संविधान किसी एक पार्टी का योगदान नहीं है बल्कि यह भारत के मूल्यों के अनुरूप अतुलनीय और क्रंतिकारी दस्तावेज है। चर्चा में भाग लेते हुए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि संविधान नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा कवच है। श्रीमती वाड्रा ने आरोप लगाया कि सत्ता पक्ष ने इस सुरक्षा कवच को तोड़ने के प्रयास किये हैं।

———बाईट———

———————————————————————————————————

संसद के दोनों सदनों में संसद हमले के शहीदों को आज श्रद्धांजलि दी गई। दोनों सदनों के सदस्यों ने वीर सुरक्षा कर्मियों के सम्मान में मौन भी रखा। लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिडला ने कहा कि इस अवसर पर सदन आतंकवाद से दृढतापूर्वक निपटने की प्रतिबद्धता दोहराता है।

———बाईट———

यह सभा 13 दिसंबर, 2001 के आतंकवादी हमलों के दौरान संसद की रक्षा करते हुए वीरगति को प्राप्त सभी महान शहीदों के सर्वोच्च बलिदान के प्रति अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है। इस अवसर पर हम आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए अपने संकल्प को पुनरू दोहराते हैं।

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुये कहा कि देशवासियों को हमारी एकता, स्वतंत्रता और न्याय की सुरक्षा के लिए अटल रहना चाहिए।

———————————————————————————

नेत्र रोगों की अति विशिष्ट चिकित्सा के लिए पटना में अस्पताल खोलने के वास्ते कोयम्बटूर स्थित शंकरा आई फाउंडेशन इंडिया और स्वास्थ्य विभाग के बीच आज समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में स्वास्थ्य विभाग के सचिव संजय कुमार सिंह और शंकरा फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक डॉक्टर आर.बी. रमणी ने समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने बताया कि समझौते के तहत राज्य सरकार फाउंडेशन को पटना में एक दशमलव छह एकड़ जमीन एक रूपये की टोकन राशि पर उपलब्ध करायेगी। अस्पताल के भवन का निर्माण फाउंडेशन को करवाना होगा।

———बाईट———

समझौते के अनुसार अस्पताल में पचहत्तर प्रतिशत मरीजों का इलाज निःशुल्क होगा। साथ ही ढ़ाई लाख रूपये से कम आय वाले परिवारों को भी इलाज के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं देना होगा। अन्य मरीजों का इलाज भी रियायती दर पर किया जायेगा।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में कल राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा होगा। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जायेंगे।

———————————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई जिले में कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले पांच दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की सम्भावना नहीं है। हिमालय की तराई वाले क्षेत्रों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान छह डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। राजधानी पटना का न्यूनतम तापमान बारह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन आईपीएल की तर्ज पर बिहार रूरल लीग का आयोजन करायेगा। बीसीए के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने बताया कि जिला स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन होगा। हर जिले में सोलह—सोलह टीमें बनायी जायेंगी, जिसे चार ग्रुप में बांटा जायेगा। उन्होंने बताया कि सभी अड़तीस जिलों में कुल पांच सौ सत्तर मुकाबले होंगे। श्री तिवारी ने कहा कि यह आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छुपी हुई क्रिकेट प्रतिभा को एक मंच प्रदान करेगा।

———————————————————————————

गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र अन्तर्गत बतरदेह गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक तस्कर को साठ लाख रूपये मूल्य के पांच सौ उनचास ग्राम मादक पदार्थ स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से चार एटीएम कार्ड और एक पासपोर्ट भी बरामद किया गया।

———————————————————————————

सारण जिले के दायदपुर थाना क्षेत्र के बेलदारी गांव के पास एक कार के अनियंत्रित होकर ट्रक से टकरा जाने के कारण दो लोगों की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। वहीं, समस्तीपुर जिले के मुसरी घरारी और मोहनपुर थाना क्षेत्रों में हुये अलग—अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गयी।

———————————————————————————

नालंदा जिले के करायपरसुराय थाना क्षेत्र के अगारपर में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित, अर्द्ध निर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण के साथ एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले के कुख्यात अपराधी गौरव कुमार सिंह को पुलिस ने नावकोठी थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराधी पर जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

———————————————————————————

शेखपुरा जिले के कोरमा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मुरारपुर गांव से पुलिस ने कुख्यात शराब तस्कर और अपराधी घनश्याम राम को उसके एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के बंगरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरसौना गांव स्थित सीमेंट फैक्ट्री में ट्रक से दब कर एक मजदूर की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने फैक्ट्री में जमकर तोड़फोड़ की और पथराव किया। पथराव की घटना में कई पुलिसकर्मी भी घायल हो गये।

———————————————————————————

पटना के गांधी मैदान थाना क्षेत्र से पुलिस ने क्राईम ब्रांच के अधिकारी के नाम पर लोगों से ठगी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. बीपीएससी द्वारा आयोजित सत्तरवीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा में पेपर लीक का आरोप लगाते हुये अभ्यर्थियों ने पटना में जमकर प्रदर्शन किया।

02. आयोग के अध्यक्ष परमार रवि मनु भाई का दावा– कहीं से भी पेपर लीक की कोई खबर नहीं। कहा– सुचारू रूप से सम्पन्न हुई है परीक्षा।

03. लोकसभा में भारत के संविधान के पचहत्तर वर्षों की गौरवशाली यात्रा पर दो दिवसीय विशेष चर्चा शुरू। कल भी जारी रहेगी चर्चा।

04. और, सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेश में ठंड में हो रही है लगातार बढ़ोतरी। खगड़िया, भागलपुर, मुंगेर, बांका और जमुई जिले में शीतलहर की स्थिति।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन प्रातः आठ बजकर अड़तालीस मिनट से प्रसारित किया जाएगा।